# Delhi Public School, Howrah

## FINAL EXAMINATION (2024-2025)

## CLASS VIII

***Care must be taken not to write anything on the question paper. All the questions must be attempted in the correct sequence.***

### SUBJECT :- HINDI 2ND LANGUAGE

**अवधि– 3 घंटे** **कुल अंक-80**

**सामान्य निर्देश :-**

1. **इस प्रश्न पत्र में 4 खंड हैं – खंड-क,खंड-ख, खंड-ग और खंड-घ।**
2. **दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
3. **लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए।**

**(खंड-क) (अपठित गद्यांश)**

**1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दें - (1X5)**

यदि कथावस्तु रोचक नहीं है तो पाठक उसे पढ़ेंगे ही क्यों ? रोचकता ही तो लेखक को उपन्यास की ओर आकर्षित करती है। रोचकता लाने के लिए लेखक को कौतूहल और नवीनता की सृष्टि करनी चाहिए। पाठक कथा में अपने ही जीवन-जगत का प्रतिबिंब देखना चाहता है और इसलिए वह उसे पढ़ता है, क्योंकि लेखक की ही भाँति पाठकों का भी 'अहम्' से अनादि लगाव है। जग-जीवन में जो घटनाएँ घटित न हो सकें, उनका वर्णन इस लगाव के लिए घातक होता है, इसलिए लेखक को सदैव घटनाओं की संभाव्यता के प्रति सचेत रहना चाहिए। मौलिकता भी कथावस्तु का अनिवार्य तत्व है। जो बातें पाठक जानते हैं, उनके प्रति उनमें कोई आकर्षण नहीं हो सकता, अतः लेखक को चाहिए कि वह अपनी कल्पना-प्रतिभा के बल पर पाठकों की चिर-परिचित घटनाओं को भी उनके समक्ष जीवन रूप में मौलिकता के साथ प्रस्तुत करे। तब पाठक को ग्राह्य हो जाएँगी। कहने का भाव यह है कि किसी भी सफल कथा के कथानक में रोचकता, संभावना और मौलिकता का होना परम आवश्यक है।

**बहुविकल्पीय प्रश्न-**

**I.** पाठक किसी रचना को कब पढ़तें है?

(क) कथावस्तु के नीरस होने पर (ख) कथावस्तु के रोचक होने पर

(ग) कथावस्तु के विचित्र होने पर (घ) इनमें से कोई नहीं

**II.** अपनी रचना में रोचकता लाने के लिए लेखक क्या करता है?

(क) रचना में नवीनता और कौतूहल की सृष्टि करता है

(ख) रचना में विचित्र घटनाओं का समावेश करता है

(ग) अपने जीवन से संबंधित किसी घटना को रचना का आधार बनाता है

(घ) दूसरों के जीवन को आधार बनाकर कथावस्तु का सृजन करता है

**III.** कथावस्तु का अनिवार्य तत्त्व किसे माना गया है?

(क) सरसता को (ख) नीरसता को

(ग) मौलिकता को (घ) उपर्युक्त सभी

**IV.** किस प्रकार की घटनाओं का वर्णन उपन्यास में घातक होता है?

(क) असंभावित घटनाओं का

(ख) रोचक घटनाओं का

(ग) जिनका संदर्भ और सामाजिक सांस्कृतिक परिवेश अलग हो

(घ) (क) और (ग) दोनों

**V.** किसी भी सफल कथा के कथानक में किन तत्त्वों का होना परम आवश्यक है?

(क) रोचकता (ख) संभावना और मौलिकता

(ग) असंभाव्यता (घ) (क) और (ख) दोनों

**(अपठित काव्यांश)**

**2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दें - (1X5=5)**

मन-मोहिनी प्रकृति की जो गोद में बसा है,
सुख स्वर्ग-सा जहाँ है वह देश कौन-सा है?
जिसका चरण निरन्तर रत्नेश धो रहा है,
जिसका मुकुट हिमालय, वह देश कौन-सा है ?
नदियाँ जहाँ सुधा की धारा बहा रही हैं,
सींचा हुआ सलोना, वह देश कौन-सा है ?
जिसके बड़े रसीले फल-कंद-नाज मेवे,
सब अंग में सजे हैं, वह देश कौन-सा है ?

**I.** मन को मोहित करने वाली प्रकृति की गोद में कौन-सा देश बसा है?

(क) भारत देश (ख) कवि का गाँव

(ग) कश्मीर (घ) कवि की जन्मभूमि

**II.** यहाँ की नदियों का पानी कैसा है?

(क) मीठा (ख) पवित्र

(ग) अमृत के समान (घ) साफ़-सुथरा

**III.** इस देश के चरणों को कौन धो रहा है?

(क) नदियाँ (ख) वर्षा का पानी

(ग) मेघ (घ) सागर

**IV.** भारत देश का मुकुट किसे कहते हैं?

(क) पहाड़ को (ख) हिमालय को

(ग) गिरि को (घ) पर्वत को

**V.** सुख और स्वर्ग-सा जहाँ है, वह देश कौन-सा है?

(क) कवि का गाँव है (ख) कवि की जन्मभूमि है

(ग) भारत है (घ) कश्मीर है

**(<u>खंड-ख-</u>व्याकरण)**

**3. निम्नलिखित वाक्य में से उद्देश्य और विधेय अलग-अलग कीजिए- (1x1=1)**

फड़फड़ाती हुई चिड़िया ने प्राण त्याग दिए।

**4. सरल वाक्य को मिश्र वाक्य में बदलो- (1x1=1)**

सफ़ेद कमीज़ वाले छात्र को यह कलम दे दो।

**5. संयुक्त वाक्य को सरल वाक्य में बदलो- (1x1=1)**

वह मंदिर गया और नीचे बैठ गया।

**6. निम्नलिखित श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए- (1x1=1)**

ओर -

और -

**7. निर्देशानुसार वाक्य-परिवर्तन कीजिए- (1x2=2)**

(क) सावधानी बरतने से दुर्घटना नहीं होती है। (संकेतवाचक)

(ख) पानी नहीं बरसेगा । (संदेहवाचक)

**8. निम्नलिखित समस्त पदों का <u>समास-विग्रह</u> कीजिए और <u>समास का नाम</u> लिखिए-(1x3=3)**

विग्रह समास के नाम

(क) बेकाम-

(ख) लाभ-हानि**-**

(ग) पंचवटी **-**

**9. निम्नलिखित शब्द का अनेक अर्थ लिखिए (1X1=1)**

सोना-

**10. निम्नलिखित एकार्थक प्रतीत होने वाले शब्दों के अर्थ लिखिए- (1X1=1)**

अनबन-

खटपट-

**11. निम्नलिखित लोकोक्ति और मुहावरे का अर्थ बताइए- (1X2=2)**

(क) आ बैल मुझे मार -

(ख) अपना उल्लू सीधा करना-

**12. निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए- (1X2=2)**

(क) भोजनालय -

(ख) सूर्यास्त -

**(खंड-ग- पाठ्यपुस्तक)**

**13. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए- (1X5=5)**

साँप बोला - "आकाश! आकाश को लेकर क्या मैं चाटूँगा। आकाश में आखिर रखा क्या है? क्या मैं तुम्हारे आकाश में रेंग सकता हूँ। ना भाई, तुम्हारा आकाश तुम्हें ही मुबारक, मेरे लिए तो यह गुफा भली। इतनी आरामदेह और सुरक्षित जगह और कहाँ होगी?"

साँप मन-ही-मन बाज की मूर्खता पर हँस रहा. था। वह सोचने लगा कि आखिर उड़ने और रेंगने के बीच कौन-सा भारी अंतर है। अंत में तो सबके भाग्य में मरना ही लिखा है- शरीर मिट्टी का है, मिट्टी में ही मिल जाएगा। अचानक बाज ने अपना झुका हुआ सिर ऊपर उठाया और उसकी दृष्टि साँप की गुफा के चारों ओर घूमने लगी। चट्टानों में पड़ी दरारों से पानी गुफा में टपक रहा था। सीलन और अँधेरे में डूबी गुफा में एक भयानक दुर्गंध फैली हुई थी, मानो कोई चीज वर्षों से पड़ी-पड़ी सड़ गई हो।

**I.** तुम्हारा आकाश तुम्हें ही मुबारक' यह किसने और किससे कहा?

(क) साँप ने बाज से (ख) बाज ने साँप से

(ग) पक्षी ने साँप से (घ) नदी ने पर्वत से

**II.** साँप गुफा में ही क्यों खुश है?

(क) उसमें आगे बढ़ने की ताकत नहीं। (ख) वह आरामदेह जीवन जीना चाहता है।

(ग) उसे गुफा से बाहर निकलना नहीं आता। (घ) वह आशावादी है।

**III.** साँप बाज के किस विचार को मूर्खतापूर्ण मानता है?

(क) रेंगने को (ख) गुफा में न रहने को

(ग) उड़कर आकाश की ऊचाइयाँ छूने को (घ) इनमें से कोई नहीं

**IV.** मरने के बाद शरीर किसमें मिल जाता है?

(क) हवा में (ख) मिट्टी में

(ग) पानी में (घ) आकाश में

**V.** साँप के विचारों में किसकी झलक दिखाई देती है?

(क) आध्यात्मिकता (ख) दार्शनिकता

(ग) धार्मिकता (घ) सामाजिकता

**14. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए- (1X5=5)**

मैया, कबहिं बढ़ेगी चोटी?
किती बार मोहिं दूध पियत भई, यह अजहूँ है छोटी ।
तू जो कहति बल की बेनी ज्यौं, है है लॉबी-मोटी।
काढ़त-गुहत न्हवावत जैहै, नागिनी-सी भुइँ लोटी।
काँचौ दूध पियावत पचि-पचि, देति न माखन-रोटी।
सूर चिरजीवौ दोउ भैया, हरि-हलधर की जोटी।

**I.** प्रस्तुत पद के रचयिता कौन हैं?

(क) कबीरदास (ख) सूरदास

(ग) तुलसीदास (घ) रहीम

**II.** कृष्ण यशोदा से क्या पूछ रहे हैं?

(क) वे कब खेलने जाएँगे? (ख) माँ उन्हें माखन-रोटी कब देगी?

(ग) उनकी चोटी कब बढ़ेगी? (घ) वे बलराम के साथ खेलने जाएँ?

**III.** कृष्ण माँ यशोदा से चोटी के बारे में क्या कहते हैं?

क) तुम कहती हो कि मेरी चोटी बलराम की तरह बड़ी हो जाएगी पर यह तो छोटी ही है।

(ख) तुम कहती हो कि यह लंबी और मोटी होकर नागिन की तरह ज़मीन पर लोटेगी पर यह तो बढ़ती नहीं।

(ग) इसे बढ़ाने के लिए तुम कच्चा दूध पिलाती हो लेकिन फिर भी छोटी है।

(घ) दिए गए सभी।

**IV.** कृष्ण को क्या खाना अच्छा लगता है?

(क) दूध-मलाई (ख) माखन-रोटी

(ग) दही-छाछ (घ) कच्चा दूध

**V** कृष्ण की बातें सुनकर माँ यशोदा क्या करती हैं?

(क) उन्हें रोटी-माखन दे देती हैं।

(ख) उन्हें कच्चा दूध और पिला देती हैं।

(ग) उन्हें सांत्वना देती है।

(घ) उन्हें गले लगाकर आशीष देती है कि कृष्ण और बलराम की जोड़ी बनी रहे।

**15. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित छह प्रश्नों में से किन्हीं <u>पाँच</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। (2X5=10)**

(क) लाला झाऊलाल जी की पत्नी ने ऐसा क्या कहा, जिसे सुनकर लाला जी का जी बैठ गया?

(ख) समुद्र की तह में बूंद ने क्या-क्या देखा था?

(ग) साँप का निवास कहाँ था? वह अपने जीवन से संतुष्ट था या नहीं यदि था तो क्यों ?

(घ) साइकिल चलाने से महिलाओं को कौन-कौन से लाभ हुए हैं?

(ङ) लोटा बिकने की स्थिति में सबसे अधिक फायदे में कौन रहा?

(च) भाग्य ने बूँद का साथ किस तरह दिया?

**16. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित छह प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए।** **(2X5=10)**

(क) "यह कठिन समय नहीं" कविता हमें क्या संदेश देती है?

(ख) श्री कृष्ण जी किस लोभ के कारण दूध पीने के लिए तैयार हुए थे?

(ग) कबीर की साखियाँ क्या संदेश देती हैं?

(घ) स्टेशन पर भीड़ क्यों है? इससे क्या प्रतीत होता है?

(ङ) गोपी यशोदा पर क्या आरोप लगाती थी?

(च) "कबीर की साखियाँ" पाठ के आधार पर बताइए कि किस प्रकार का सुमिरन भक्ति नही है?

**भारत की खोज**

**17.निम्नलिखित छह प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए-** **(2X5=10)**

**(क)** सन् 1942 में हुए जन-आंदोलन की क्या विशेषता थी?

**(ख)** भारत छोड़ो आंदोलन में क्या अपील की गई?

**(ग)** भारतीयों की चेतना जाग्रत करने का श्रेय अंग्रेजों को क्यों दिया जाता है?

**(घ)** गांधी जी के विचारों से क्या मनोवैज्ञानिक बदलाव आया?

**(ङ)** भारत छोड़ो प्रस्ताव पारित कब हुआ व इसका परिणाम क्या निकला?

**(च)** वर्ष 1942 में नेताओं की गिरफ्तारी का आम जनता पर क्या एभाव पड़ा?

**(खंड-घ- रचनात्मक लेखन)**

**18. दिए गये संकेत- बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित विषयों पर लगभग 100-120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-** **(5X1=5)**

**(क) पाकिस्तान को मुँहतोड़ जवाब- सर्जिकल स्ट्राइक**

**संकेत-बिंदु -** • कब हुई • क्यों की गई • परिणाम

अथवा

**(ख) साइबर अपराध**

**संकेत-बिंदु -** • साइबर अपराध क्या है? साइबर अपराध के विभिन्न प्रकार साइबर अपराध के प्रति जागरूकता • साइबर सुरक्षा • सुरक्षित रहने का उपाय

अथवा

**(ग) पुस्तकें पढ़ने की आदत**

**संकेत-बिंदु-** • ज्ञान-विज्ञान का स्रोत • सच्ची मित्र • पढ़ने की आदत का विकास • ज्ञानार्जन का लाभ।

**19.** बस में यात्रा करते समय आपका मोबाइल फ़ोन गुम हो गया। अपने क्षेत्र के पुलिस अधिकारी को इसकी सूचना देते हुए एक पत्र लिखिए। **(5X1=5)**

अथवा

वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम आने पर छोटी बहन को बधाई-पत्र लिखिए।

**20.** आपके विद्यालय में एक सप्ताह के लिए 'नेत्र चिकित्सा शिविर' लगाया जा रहा है जिसमें निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया जाएगा। स्थानीय जनता को 40-50 शब्दों में एक सूचना पत्रक लिखिए। **(5X1=5)**

अथवा

आपके विद्यालय का समय शीतकाल में कोहरे के कारण प्रातः आठ के स्थान पर नौ बजे कर दिया गया है। प्रधानाचार्य की ओर से 40-50 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए।